## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे विधायक प्रकाश नायक

**रायगढ़ ।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर 01 नवम्बर को रायगढ़ जिला मुख्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए शासन द्वारा पूर्व में उपाध्यक्ष-सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं विधायक रामानुजगंज बृहस्पत सिंह को जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि नामांकित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो पाने के कारण उनके स्थान पर विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक को जिला मुख्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है।

### 1 नवम्बर को आयोजित नियत समस्त प्रकरणों की सुनवाई अब 13 दिसम्बर को

**रायगढ़ ।** एक नवम्बर को छ.ग.शासन स्थापना दिवस होने के कारण राज्य शासन द्वारा शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। जिसके कारण 01 नवम्बर 2021 को नियत समस्त प्रकरणों (आदेश हेतु नियत प्रकरणों एवं निम्नानुसार 01 प्रकरण को छोड़कर)की सुनवाई आगामी पेशी दिनांक 13 दिसम्बर 2021 के लिए नियत किया गया है। अपर कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक 14/अ-89/2020-21, ग्राम-कोतासुरा/पुसौर पक्षकार श्रीमती तुलामालाकार विरूद्ध मित्रभानु मालाकार वगै.की आगामी पेशी 8 नवम्बर 2021 को नियत है।

### लैलूंगा के जैविक जवाफूल चांवल की बिक्री का प्रदर्शन आज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में राज्योत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें जिले के लैलूंगा विकासखण्ड में कृषक समूह द्वारा उत्पादित जैविक जवाफूल चांवल की बिक्री हेतु प्रदर्शन में रखा गया है। साथ ही अन्य सुगंधित धान फसल का प्रदर्शन भी कृषि विभाग के आबंटित स्टॉल में लगाया जाएगा। उप संचालक कृषि ने जिलेवासियों से स्टॉल में आकर इसका लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

### लोन दिलाने के नाम पर 15 लोगों से ठगी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद (आरएनएस)।** सरायपाली थाना क्षेत्र में लोन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति ने 14 लोगों को ठग लिया।बसना ग्राम सिंघनपुर निवासी प्रार्थी जितेन्द्र कुमार नर्मदा पिता राजाराम (40) ने पुलिस को बताया कि फरवरी 2019 में उसके परिचित अश्वनी साहू ने उसे खादी ग्रामोद्योग योजना के तहत सब्सीडी वाला बीस लाख रूपये का लोन पास करवाने के लिए 80 हजार रूपये मांगा। उसके झांसे में आकर पीड़ित ने उसे 80 हजार रूपये दिए। लेकिन, अश्वनी कुमार ने लोन पास नहीं करवाया और न ही रूपये वापस किए। इसी प्रकार आरोपी ने प्रार्थी के अन्य साथियों से भी लोन दिलाने के नाम पर पैसों की ठगी की है। उसने मुकेश साहू से एक लाख 31हजार , छायाराम गोनार से 70 हजार, डोलकुमार साहू से 77 हजार हरिदास से 15 हजार, खीरसागर डडसेना से 95 हजार , देवार्चन से 15 हजार , समारू से 25 हजार , सोहन दास से 15 हजार, रामसिंग से 21हजार, शिवप्रसाद से 50 हजार, श्यामसुंदर भोई से 40 हजार, रोहित साहू से 50 हजार, बिसीकेशन पटेल से 15 हजार, गोपाल साहू से 25 हजार रूपये इस प्रकार 15 लोगों से कुल 7 लाख 24 हजार रूपयों की ठगी की गई है। आरोपी ने सभी को पैसा लेकर लोन दिलाने के नाम पर झूठा दिलासा देता रहा। अंत में न ही लोन करवाया और न ही राशि को किसी को वापस किया। उसके बाद आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाना में शिकायत दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### किशोरी से दुष्कर्म, तीन आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम रैनपुरखुर्द निवासी थाना दीपका जिला कोरबा छ.ग. द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया उसकी लड़की उम्र 14 वर्ष के साथ घर पर अकेली पा कर गांव के आदित्य चौहान, अजय चौहान, जागेश्वर दास पनिका तीनों करीब एक माह पहले घर में घुसकर जबरदस्ती इसकी बेटी के साथ संबंध बनाकर गलत काम किये और किसी को बताने पर जान से मारने का धमकी दिये थे।

# राज्योत्सव-2021 अलंकरण पुरस्कारों की घोषणा

**» विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाले 31 लोगों को मिलेगा पुस्कार » दो पत्रकारों को मिलेगा चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता अवार्ड**

**रायपुर (आरएनएस)।** संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने रविवार को महंत घासीदास सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में राज्योत्सव के अवसर पर दिए जाने वाले राज्य अलंकरण पुरस्कारों की घोषणा की।

अलंकरण पुरस्कारों में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए शहीद वीरनारायण सिंह पुरस्कार बिलासपुर जिले के ग्राम लिम्हा (नवापारा) के जानकी प्रसाद पुलस्त को दिया जाएगा। गृह पुलिस विभाग द्वारा अपराध अनुसंधान क्षेत्र में पंडित लखन लाल मिश्र सम्मान दुर्ग जिले के नेवई, थाना उतई के कुन्दनलाल गौर, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिया जाने वाले अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में यति यतनलाल सम्मान रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए गुण्डाधूर सम्मान बिलासपुर जिले के खमतराई निवासी कुमारी रोहणी साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्थान के क्षेत्र में मिनीमाता सम्मान दुर्ग जिले के पंचशील नगर की डॉ. सुकल्पना देशमुख, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक चेतना और दलित उत्थान के क्षेत्र में गुरू घासीदास सम्मान दुर्ग जिले के आलबरस, थाना अण्डा के पुरानिक लाल चेलक, सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में ठाकुर प्यारेलाल सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक रायपुर को प्रदान किया जाएगा।

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा उर्दू की सेवा क्षेत्र में हाजी हसन अली सम्मान दुर्ग जिले के न्यू आदर्श नगर के जनाब रौनक जमाल, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान रायपुर जिले के सरोना की सुविद्या राजपूत, संस्कृति विभाग द्वारा साहित्य-आंचलिक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पंडित सुन्दरलाल शर्मा सम्मान बिलासपुर के नंदकिशोर तिवारी, संस्कृति विभाग द्वारा संगीत एवं कला के क्षेत्र में चक्रधर सम्मान संयुक्त रूप से दुर्ग जिले के भिलाई नगर निवासी प्रभंजय चतुर्वेदी और रायपुर के सुनील तिवारी को प्रदान किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा भी लोक कला एवं शिल्प के क्षेत्र में दिए जाने वाला दाऊ मंदराजी सम्मान संयुक्त रूप से बिलासपुर जिले के रतनपुर निवासी काशीराम साहू और मुंगेली जिले के कुकुसदा निवासी श्रीमती रेखा देवार को प्रदान किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा कृषि के क्षेत्र में डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान रायगढ़ जिले के बरमकेला-नवापाली निवासी मुकेश चौधरी, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक समरसता क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए महाराजा अग्रसेन सम्मान बस्तर जिले की सुके.एम.नायडू, समाज कल्याण विभाग द्वारा दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सहायता के क्षेत्र में दानवीर भामाशाह सम्मान मुंगेली जिले की भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट गांधीवार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती बिलासाबाई केंवटीन मत्स्य विकास पुरस्कार दुर्ग जिले के मड़ियापार-धमधा के अनिल कुमार साहू को प्रदान किया जाएगा।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संस्कृत भाषा के क्षेत्र में संस्कृत भाषा सम्मान रायपुर प्रोफेसर कॉलोनी भैया तालाब के पास निवास करने वाले डॉ. तोयनिधि वैष्णव, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासियों की सेवा और उत्थान के क्षेत्र में दिया जाने वाला भंवर सिंह पोर्ते सम्मान जंगो रायतार समाज कल्याण समिति छत्तीसगढ़ को प्रदान किया जाएगा। श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव सम्मान संयुक्त रूप से एनटीपीसी थर्मल पॉवर स्टेशन जमनीपाली कोरबा, प्रसेनजीत साहा, वी. जनार्दनराव, रामलाल और दीपक कुमार पंडित को प्रदान किया जाएगा। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बुनकर क्षेत्र में बिसाहूदास महंत पुरस्कार वर्ष 2018-19 जांजगीर-चांपा जिले के सुनील कुमार और राजाराम देवांगन तथा वर्ष 2019-20 का पुरस्कार जांजगीर-चांपा जिले के ही तुकाराम देवांगन और श्रीराम देवांगन को प्रदाय किया जाएगा। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बुनकर के क्षेत्र में राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार बलौदाबाजार भाटापारा के विकासखंड बिलाईगढ़ के राजेश कुमार देवांगन और बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पेण्ड्रावन निवासी टीकाराम देवांगन को दिया जाएगा।

संस्कृति विभाग द्वारा प्रदर्शनकारी लोककला क्षेत्र में देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी हृदय प्रकाश अनंत और वर्ष 2021 के लिए दुर्ग जिले के छोटेऔरी भिलाई-3, छोटेऔरी निवासी अमोलदास टंडन, संस्कृति विभाग द्वारा लोक शैली पंथी नृत्य प्रदर्शनकारी कला क्षेत्र में देवदास स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार दुर्ग जिले के पेण्ड्रतराई निवासी गौकरण दास बघेल, संस्कृति विभाग द्वारा हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में किशोर साहू सम्मान रायपुर के मनमोहन सिंह ठाकुर, संस्कृति विभाग द्वारा ही हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन के लिए दिया जाने वाला किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण मुम्बई के अपूर्व बड़गैय्या को प्रदान किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा, शिक्षा तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए धनवंन्तरि सम्मान रायपुर फाफाडीह निवासी डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव को प्रदान किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रिंट मीडिया (हिन्दी) के क्षेत्र में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार दंतेवाड़ा की सुअम्बु शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हिन्दी के क्षेत्र में अंशुमान शर्मा, जनसपंर्क विभाग द्वारा प्रिंट मीडिया अंग्रेजी के क्षेत्र में मधुकर खेल स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार रायपुर पुरानी बस्ती निवासी टिकेश्वर पटेल, जनसंपर्क विभाग द्वारा ही रचनात्मक लेखन और हिन्दी भाषा क्षेत्र में प्रदाय किए जाने वाले पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान नई दिल्ली निवासी श्रीमती मृणाल पाण्डे को प्रदान किया जाएगा। विधि एवं विधायी विभाग द्वारा विधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान बलौदाबाजार निवासी ठाकुर भूपेन्द्र प्रताप सिंह और रायपुर निवासी कुमारी शमीम रहमान को प्रदान किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के स्कूलों में रघुपति राघव और वैष्णव जन का होगा नियमित गायन : भूपेश बघेल

**» राज्य के बच्चों में राष्ट्रीय एकता व समरसता की भावना को मजबूत करने के लिए शासन ने लिया निर्णय**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य के बच्चों को गांधीजी के विचारों से संस्कारित करने के लिए उनके दो प्रिय भजनों 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जी..' का नियमित गायन छत्तीसगढ़ के स्कूलों में किया जाएगा। बघेल ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी और पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व में महात्मा गांधी के मूल्यों की मौजूदगी सबसे बड़ी समानता रही। इन दोनों ही विभूतियों के जीवन को गांधी जी के ही विचारों ने गढ़ा था। इन विभूतियों की स्मृतियों से जुड़ी तारीख 31 अक्टूबर को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके प्रेरणा-पुरुष महात्मा गांधी के विचारों के माध्यम से से राज्य के बच्चों में सामाजिक एकता और समरसता की भावना को मजबूत किया जाएगा। पूरी दुनिया में बदलते हुए सामाजिक-राजनैतिक परिवेश में गांधी जी के प्रिय भजनों की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। आज आवश्यकता इस बात है कि इन भजनों की मूल भावना को आत्मसात करते हुए उन्हें जीवन में अपनाया जाए। राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द्र भारत का मूल स्वभाव है। राजनीति को सेवा का माध्यम बनाने के लिए हम सब का कर्तव्य है कि अभाव ग्रस्त, पीड़ितों, दीन-दुखियों की पीड़ा को महसूस कर उनकी हर संभव सहायता करें।

### (रायपुर) गोवर्धन पूजा के दिन गौठानों में मनाया जाएगा गौठान दिवस

रायपुर, 31 अक्टूबर (आरएनएस)। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा के दिन गौठानों में 'गौठान दिवस' मनाया जाएगा। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार कलेक्टरों से कहा गया है कि गौठान दिवस के कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। गौठान दिवस पर गौठानों में प्रातः प्रभातफेरी निकाली जाए। श्रम दान से गौठानों की साफ-सफाई कराई जाए।

## राज्य स्थापना दिवस समारोह आज मिनी स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ 01 नवंबर को संध्या 6 बजे मिनी स्टेडियम, रायगढ़ में होगा। राज्योत्सव का शुभारंभ रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में सांसद रायगढ़ श्रीमती गोमती साय, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर नगर निगम श्रीमती जानकी काटजू एवं सभापति जयंत ठेठवार विशिष्ट अतिथि होंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। जिला प्रशासन द्वारा जन सामान्य से राज्योत्सव के कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।




## तेंदुए के हमले से अब तक के हो चुकी है तीन की मौत, वन विभाग की टीम ने फिर एक तेंदुए को पकड़ा

**» पिंजरे में कैद तेंदुआ को देखने लोगों की लगी भीड़**

**नगरी (आरएनएस)।** वन विभाग के द्वारा लगाए गए पिंजरा में फिर एक तेंदुआ फंस गया। तेंदुए के फंसने की जैसे ही खबर आसपास के ग्रामीणों को हुई तो तेंदुए को देखने के लिए भीड़ लग गई। बता दे कि सिहावा इलाके में इन दिनों तेंदुए का भारी आतंक है और इसे लेकर इलाके में लोगों के बीच दहशत का माहौल भी है। दरसअल बीते 12 अक्टूबर को उड़ीसा के नवरंगपुर ,कुंदई परिजन के साथ से सिहावा के श्रृंगीऋषि दर्शन के लिए आये बच्चे पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश भी देखने को मिला था। साथ ही आक्रोशित लोगों ने सिहावा बस स्टैंड में चक्का जाम कर दिया था, जिसके बाद वन विभाग द्वारा इलाके में अलग- अलग स्थान पर। चार पिंजरे लगाए गए थे। 22 अक्टूबर को एक पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हुआ था। वहीं आज तड़के सुबह फिर एक तेंदुआ कैद हो गया है। जैसे ही तेंदुआ की पिंजरे में कैद होने की खबर सुनकर झलक पाने लोगों की भारी संख्या में भीड़ लग गयी। पकड़े गए तेंदुए को टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा। वहीं अबतक के इलाके में तेंदुए के हमले से तीन बच्चों की मौत हो चुकी है। बिड़गुड़ी वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक गावड़े ने बताया कि, सिहावा गणेश घाट पर पहाड़ी के नीचे पिंजरा लगाया था जिसमें फिर एक तेंदुआ फंसा है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मैके पर पहुँची। पकड़े गए तेंदुए को टाइगर रिजर्व क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।



## शरीर से जुड़े दो भाईयों की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (आरएनएस)।** बलौदाबाजार के खैंदा गांव में रहने वाले दो भाइयों शिवनाथ और शिवराम की शनिवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ जाने की वजह से दोनों की मौत हो गई। हालांकि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की वजह से पुलिस भी इस घटना की जांच कर रही है। शिवराम और शिवनाथ के घरवालों के मुताबिक, बीती रात इन भाइयों को तेज बुखार हुआ था। सुबह जब घरवाले इनके कमरे में पहुंचे तो दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों की उम्र 20 साल थी। दिसंबर 2001 में जन्मे शिवनाथ और शिवराम शरीर से जुड़े हुए थे। इनके दो धड़, दो सिर, चार हाथ और दो पैर थे। एक साथ ही शिवराम और शिवनाथ अपने सारे काम किया करते थे। चाहे स्कूटर चलाना हो, नहाना हो, स्कूल जाना हो। दोनों का जुड़ा हुआ शरीर एक साथ काम करता था। इस वजह से इन्हें दो जिस्म एक जान के नाम पर भी देश और दुनिया में जाना जाता रहा है। मानव शरीर की अनोखी संरचनाओं पर रिसर्च करने वाली कई विदेशी टीमें भी बलौदाबाजार आकर शिवनाथ और शिवराम से मुलाकात कर चुकी थीं। दोनों मुस्कुराकर लोगों से मिला करते थे अब अचानक इनकी मौत ने खैंदा गांव के लोगों को भी उदास कर दिया है।

## आदिवासी अपने अधिकारों के लिए जागरूक और संगठित हों- राज्यपाल

**» राज्यपाल ने राज्य स्तरीय करम नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके उरांव आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित राज्य स्तरीय करम नृत्य प्रतियोगिता के कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, विधायक डॉ. प्रीतम राम, विधायक मोहित केरकेट्टा, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो सहित बड़ी संख्या में उरांव आदिवासी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राज्यपाल ने करम नृत्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक मेल-जोल और सद्भाव और बढ़ता है। उन्होंने 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक हुए राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री एवं संस्कृति मंत्री एव उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नृत्य-संगीत, आदिवासियों के जीवन का अभिन्न अंग है। इसके जरिए ना केवल उनका मनोरंजन होता है बल्कि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में कला, संस्कृति भी हस्तांतरित की जाती है। जिस तरह नृत्य में लय और अनुशासन जरूरी रहता है उसी प्रकार जीवन में भी इसका महत्व है। आज के आपा धापी के इस युग में अपने आप को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए नृत्य और संगीत बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी सरल स्वभाव के होने के साथ ही स्वाभिमानी भी होते हैं। उन्होंने समाज के लोगों को अपने अधिकारों के लिए



जागरूक होने और संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वे अपनी आजीविका के लिए जल, जंगल और जमीन पर निर्भर रहते हैं, जो कि उनका स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून का क्रियान्वयन शीघ्र ही होगा, इसके लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। आदिवासी कल्याण के लिए राज्य शासन की सोच भी सकारात्मक है। शासन द्वारा उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्य के लिए गौरव की बात है कि केन्द्र शासन द्वारा आदिवासी समुदाय के ही व्यक्ति को संवैधानिक मुखिया बनाकर भेजा गया है और मेरे लिए भी यह गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और अपनी बोली, भाषा, लोक कला को जीवित रखने के लिए प्रचार के आधुनिक माध्यमों का भी उपयोग करना चाहिए। समाज को शिक्षा विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा, अपने आसपास के वातावरण की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि कोरोना महामारी से हमने बहुत कुछ सीखा है। आदिवासी समुदाय को खेती-किसानी के अलावा युवाओं के कौशल बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए, जिससे उन्हें अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार मिल सके।

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने इस अवसर पर कहा कि कल समाप्त हुए राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में देश-विदेश से कलाकार आए थे। सभी आदिवासी समुदायों से मिलने का और उनकी संस्कृति को जानने का अवसर मिला और यह बात सामने आई कि सभी आदिवासियों में काफी समानता होती है। आदिवासी दिल से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को अपनी भाषा और संस्कृति के संरक्षण पर भी ध्यान देना होगा और शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए भी उपाय करने होंगे। उन्होंने लोकगीत की कुछ पंक्तियों का भी सुमधुर गायन किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर करम नृत्य प्रतियोगिता के विजेता दलों को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने आयोजन समिति को स्वेच्छा अनुदान से प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। समारोह स्थल पर पहुंचने पर राज्यपाल एवं अतिथियों का करम नृत्य से स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ आदिवासियों के जननायक बिरसा मुण्डा एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में डी. आर. भगत, आनंद टोप्पो, यू.के. कच्छप, डी.डी. तिग्गा भी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO:- CHHHIN/2018/76480